सेवा समाचार

अमदावाद शहर में विश्व कर्मा मंदिर सुवर्ण जयंति महोत्सव में विश्व पिता का संदेश और सांस्कृतिक कार्यॅक्रमो की रंगत रही।

अहमदाबाद शहर के कांकरिया विस्तार स्थित गुजरात के सुप्रसिध्ध 'विश्व कर्मा मंदिर' के द्वारा अपनी 'सुवर्ण जयंति महोत्सव' का आयोजन हुआ था। जिसमें श्री सौराष्ट्र गुर्जर सुतार युवा संघ के द्वारा ब्रह्माकुमारीझ संस्था को उन्हों की स्टेज पर एक दिन प्रभु संदेश देने का निमंत्रण दिया गया था।

दिनांक : २४, जनवरी २०१०, रविवार की संध्या पर कांकरिया फुटबोल मेदान में विशाल ओडीटोरीयम में संस्था द्वारा तैयार हुई 'विश्व कर्मा' गीतो की सीडी का विमोचन और समारोह आयोजित किया गया। दीप प्रागट्य और सीडी विमोचन के लिए पधारे मुख्य महेमान अहमदाबाद म्यु. कर्पोरेशन के डेप्युटी.म्यु.कमिश्नर भ्राता महेन्द्रकुमार पटेलजी ने श्री सौराष्ट्र गुर्जर सुथार युवा संघ और ब्रह्माकुमारीझ संस्था का यह मिलाजुला समारोह का आयोजन की प्रशंसा की। संस्था की प्रवृतिओं की सराहना करते हुए युवा और महिलाओंमें विशेष आध्यात्मिक जागृति के लिए कार्य करने की आज समाजमें आवश्यकता है यह बताया।

राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने कर्म की फिलोसोफी को बताते हुए आध्यात्मिक जीवन बनाने का अब समय आ गया है, यह सभी को स्पष्ट रुप से संदेश दिया। माउन्ट आबु से पधारे हुए 'आर्ट एन्ड कलचरल प्रभाग' के ब्र. कु. किर्ती भाई ने विश्वकर्मा का सत्य परिचय और वर्तमान समय चल रहे नई सृष्टि निर्माण के कार्य का संदेश दिया। ब्र. कु. विनु भाई ने संस्था का परिचय दिया और ब्र. कु. गोविंद भाई ने सभी का स्नेह पूर्ण स्वागत किया।

इस समारोह में सौराष्ट्र गुर्जर सुतार युवा संध के गुजरात के प्रमुख भ्राता प्रविण भाई ने तथा सेक्रेटरी भ्राता तुलसी भाई ने शुभेच्छा प्रदान की।

विशेष इस समारोह का आर्कषण यह रहा कि मणिनगर सेवाकेन्द्र के बच्चे और कन्याओं के द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कि देश-भक्ति नृत्यु, राजस्थानी लोक नृत्य, ग्रुप डान्स, स्वागत नृत्य जैसे बहोत ही सुन्दर कार्यक्रमों से सभा को मोहित कर दिया।

ब्रह्माकुमारी नंदीनी बहन ने कार्यक्रम का सुसंचालन किया। श्री सौराष्ट्र गुर्जर सुतार युवा संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीओं ने हमारे द्वारा आयोजित इस समारोह की बहोत ही प्रसंशा की और आने वाले भविष्य में साथ मिलकर रचनात्मक समाज कार्य में साथ देने का निमंत्रण दिया।